# छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल, रायपुर

नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002

**Phone No.- 0771-2972780, Website- https://cgssb.cgstate.gov.in**


क्रमांक/एस.एस.बी./परीक्षा एफ–20/2026/ 3981 रायपुर, दिनांक 29/09/26

## लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत व्याख्याता पदों हेतु लिखित भर्ती परीक्षा (LSL26) के ऑनलाइन आवेदन के सम्बंध में विज्ञप्ति

लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर व्याख्याता (हिन्दी), व्याख्याता (अंग्रेजी), व्याख्याता (संस्कृत), व्याख्याता (भौतिकी), व्याख्याता (राजनीति शास्त्र), व्याख्याता (इतिहास), व्याख्याता (भूगोल) एवं व्याख्याता (अर्थशास्त्र) के रिक्त पदों पर लिखित भर्ती परीक्षा (LSL26) के लिए ऑनलाइन आवेदन हेतु परीक्षा का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी पोर्टल में निम्नानुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | – | **29.09.2026 (मंगलवार)** |
| 2. | ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | – | **26.10.2026 (सोमवार) सायं 5:00 बजे तक** |
| 3. | त्रुटि सुधार | – | **27.10.2026 से 29.10.2026, सायं 5:00 बजे तक** |
| 4. | **परीक्षा की संभावित तिथि** | – | **29.11.2026 (रविवार)** |
| 5. | **परीक्षा का समय** | – | **पूर्वान्ह 10:00 से 12:15 बजे तक** |
| 6. | वेबसाइट पर प्रवेश पत्र जारी करने की संभावित तिथि | – | **23.11.2026 (सोमवार)** |
| 7. | परीक्षा केन्द्र | – | **05 संभागीय मुख्यालयों में** |

अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन करते समय परीक्षा शुल्क का भुगतान ऑनलाइन पद्धति से किया जावेगा। छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी अभ्यर्थी, जो परीक्षा में उपस्थित होते हैं, उनका परीक्षा शुल्क वापस कर दिया जावेगा । परीक्षा शुल्क उसी बैंक खाता में वापस किया जावेगा, जिस बैंक खाता से अभ्यर्थी ने ऑनलाइन आवेदन परीक्षा शुल्क का भुगतान किया है ।

**विस्तृत जानकारी वेबसाइट https://cgssb.cgstate.gov.in पर उपलब्ध है।**

29/09/2026

परीक्षा नियंत्रक
छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल
रायपुर

28.9.26